# 8 VERB (ADVANCE)

CHAPTER

## KINDS OF VERB

1. **FINITE VERBS**
2. **Non-Finite Verbs**
3. **Transitive Verbs**
4. **INTRANSITIVE VERBS**

**1.** **FINITE VERBS:** Finite Verbs का एक Sub होता है और ये **Subject की संख्या एवं Person के अनुसार** प्रयुक्त होते हैं।

जैसे: He is **playing**.
They are **playing**.

**2.** **NON-FINITE VERBS:** Non-Finite Verbs **किसी Person या संख्या से limited नहीं** होते हैं।

जैसे: I like **watching** television.
She wants **to go** abroad.

**NON-FINITE VERBS:- तीन** प्रकार के होते है-
**(A) INFINITIVE**
**(B) GERUND**
**(C) PARTICIPLE**

**(A)** **INFINITIVE: 'to + $V_1$'** Infinitive **एक प्रकार का noun है जिसमें verb के भी गुण होते हैं**। अत: हम infinitive को **verb-noun** भी कह सकते है।

जैसे: 1. **To err** is human
2. I want **to study**
3. I want **to study** English.

*ऊपर दिए गये वाक्य देखें-*

**वाक्य (1)** में **'to err' (to + $V_1$) subject के रूप में** प्रयुक्त हैं।

**वाक्य (2)** में **'to study' (to + $V_1$) object के रूप में** प्रयुक्त हैं।

**वाक्य (3)** में '**to study**' want (verb) का object है लेकिन अगर 'English' को object के रूप में लिया जाए तो **'to study' verb** का कार्य कर रहा है।

➢ अत: **'to + $V_1$' को हम noun एवं verb दोनों के रूप में** प्रयुक्त कर सकते हैं।

**(B)** **GERUND: '$V_1$ + ing'** Gerund एक प्रकार का verb है जो **'ing' में खत्म** होता है और जिसमें **noun के भी गुण** होते है।

जैसे: 1. **Swimming** is a good exercise.
2. I learnt **driving**.
3. I love **watching** television.

*ऊपर दिए गये वाक्य देखें-*

**वाक्य (1)** में **'Swimming' ($V_1$ + ing) subject के रूप में** प्रयुक्त है ।

**वाक्य (2)** में **'driving' ($V_1$ + ing) object के रूप में** प्रयुक्त है ।

**वाक्य (3)** में **'watching'** love (verb) का object है लेकिन अगर television को object के रूप में लिया जाए तो **'watching' verb** का कार्य कर रहा है। अत: **'$V_1$ + ing'** को हम **'noun'** एवं **'verb' दोनों के रूप में** प्रयुक्त कर सकते हैं।

***नोट:*** कई **Verbs/adjective/phrase** के बाद **'to'** का प्रयोग होता है। यहाँ 'to' के बाद '$V_1$' का प्रयोग नहीं होगा बल्कि **'$V_1$ + ing'** का प्रयोग होगा।

जैसे: **Verb + used to, accustomed to, averse to, with a view to, addicted to, devoted to, in addition to, look forward to, object to, owing to, given to, taken to, prone to.**

जैसे: 1. He is **addicted to** smoking.
2. I am **looking forward to** meeting you.
3. He was **used to** driving on the right when he was in London.

➢ दूसरे शब्दो में कहा जाए तो अगर कोई **Phrasal verb 'to' में खत्म हो तो उसके बाद '$V_1$' नहीं, '$V_1$ + ing' का प्रयोग** करें।

जैसे: (a) I am looking forward to $\underbrace{\text{meeting}}_{V_1+ing}$ you.

(b) He is given to $\underbrace{\text{drinking}}_{V_1+ing}$.

(c) He is prone to $\underbrace{\text{making}}_{V_1+ing}$ the same mistake again and again.

(d) He got used to $\underbrace{\text{driving}}_{V_1+ing}$ on the right when he was in London.

लेकिन **modals में 'used to' के बाद $V_1$** का प्रयोग होता है।

(e) I used to $\underbrace{\text{drive}}_{V_1}$ on the right.

**वाक्य d एवं e के बीच का अंतर:**

| **Sentence (d)** | | **Sentence (e)** | |
|---|---|---|---|
| (1) | अगर used to के पहले verb हो तो used to के बाद $V_1$+ing लगायें | (1) | अगर used to के पहले verb नहीं हो तो used to के बाद $V_1$ लगायें। |
| (2) | ये आदतन् क्रिया को दर्शाता है। | (2) | ये past के routine action को दर्शाता है। |
| (3) | ये किसी भी tense में हो सकते हैं और Used to के पहले आने वाला verb वाक्य के tense का निर्धारण करता है। | (3) | ये सिर्फ Past tense में होंगें |

**(C) PARTICIPLE:** जो शब्द '**verb**' एवं '**adjective**' दोनों का कार्य करें वह **Participle** है।

**(i) PRESENT PARTICIPLE ($V_1$ + ING)**

जैसे: 1. **Hearing** the noise, we rushed out of the restaurant.

2. **Thinking** all is well, he went to bed.

➢ ऊपर दिए गए दोनों वाक्यों में '**$V_1$ + ing**' का प्रयोग किसी घटना को **incomplete या होता हुआ** दर्शाने के लिए हो रहा है। यह

'**$V_1$ + ing**' **Present Participle** है।

**(ii) PAST PARTICIPLE ($V_3$)**

जैसे: 1. **Driven** by poverty, he committed suicide.

2. **Deceived** by his best friend, he was left in the lurch.

➢ ऊपर दिए गए दोनों वाक्यों में '**$V_3$**' का प्रयोग किसी घटना को **Complete** दर्शाने के लिए किया गया है। इस '**$V_3$**' **form** को **Past Participle** कहते हैं।

**(iii) PERFECT PARTICIPLE (HAVING $V_3$)**

जैसे: 1. **Having done** with it, they got down to work.

2. **Having rested**, they started their journey again.

➢ ऊपर दिए गये दोनों वाक्यों में किसी कार्य को **भूतकाल में ही Complete** होता दर्शाया गया है। ऐसा करने के लिए '**having + $V_3$**' यानि **Perfect Participle** का प्रयोग किया जाता है।

**3. TRANSITIVE VERB**- जब वाक्य में **क्रिया के बाद एक कर्म (obj.) की आवश्यकता पड़े** तो क्रिया **transitive verb** कहलाता है।

जैसे: 1. I $\underbrace{\text{write}}_{\text{V}}$ $\underbrace{\text{essay}}_{\text{obj.}}$.

2. Children $\underbrace{\text{fly}}_{\text{V}}$ $\underbrace{\text{kites}}_{\text{obj.}}$.

**4. INTRANSITIVE VERB**- जब वाक्य में **क्रिया के बाद कर्म ( obj.) की आवश्यकता न पड़े** तो क्रिया **intransitive verb** कहलाता है।

जैसे: Birds $\underbrace{\text{fly}}_{\text{v}}$.

She $\underbrace{\text{slept}}_{\text{v}}$.

**नोट:** अगर verb transitive (t.v.) होता है तो verb के उल्लेख मात्र से **'क्या'** जैसे सवाल उठते है।

जैसे: 1. He killed (क्या?)

He $\underbrace{\text{killed}}_{\text{t.v.}}$ a $\underbrace{\text{rabbit}}_{\text{obj.}}$.

2. I helped (किसे ?)

I $\underbrace{\text{helped}}_{\text{t.v.}}$ $\underbrace{\text{him}}_{\text{obj.}}$.

## CAUSATIVE VERB

➢ **Have, Get** एवं **Make** का प्रयोग **'Causative verb'** के रूप में किया जाता है। सामान्यत: कर्त्ता (sub) किसी क्रिया (verb) को क्रम (obj.) पर करता है।

जैसे: $\underbrace{\text{He}}_{\text{Sub.}}\ \underbrace{\text{helps}}_{\text{Verb}}\ \underbrace{\text{the poor.}}_{\text{obj.}}$

➢ लेकिन जब **'sub' ही verb को experience** करे यानि **क्रिया का फल क्रम पर न पड़ कर कत्ता पर पड़े** तो Causative verb का प्रयोग होता है।

जैसे:
1. He got caught.
2. The environment gets polluted due to our ignorance.

➢ कई बार वाक्य से ये तात्पर्य निकलता है कि **कर्त्ता किसी कार्य को करता नहीं बल्कि कराता है** यानि यहाँ $\mathbf{S_1}$ **(कार्य करने वाला) एवं** $\mathbf{S_2}$ **(कार्य कराने वाला का)** प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से मौजूद होते हैं।

जैसे:
1. $\underbrace{\text{I}}_{S_2}\ \underbrace{\text{made}}_{\text{'Make' according to tense}}\ \underbrace{\text{him}}_{S_1}\ \underbrace{\text{do}}_{V_1}\ \underbrace{\text{the whole work}}_{\text{obj.}}.$
2. $\underbrace{\text{We}}_{S_2}\ \underbrace{\text{got}}_{\text{'Get' according to tense}}\ \underbrace{\text{him}}_{\text{obj.}}\ \underbrace{\text{arrested}}_{V_3}\ \text{by the}\ \underbrace{\text{police}}_{S_1}.$
3. $\underbrace{\text{Have}}_{\text{'Have' according to tense}}\ \underbrace{\text{the box}}_{\text{obj.}}\ \underbrace{\text{opened}}_{V_3}.$
4. $\underbrace{\text{We}}_{S_2}\ \underbrace{\text{have to make}}_{\text{'make' according to tense}}\ \underbrace{\text{the system}}_{S_1}\ \underbrace{\text{work}}_{V_1}.$
5. $\underbrace{\text{I}}_{S_2}\ \underbrace{\text{cannot get}}_{\text{'get' according to tense}}\ \underbrace{\text{your work}}_{\text{obj.}}\ \underbrace{\text{done}}_{V_3}\ \text{by}\ \underbrace{\text{him}}_{S_1}.$

**नोट: Make/Have एवं Get के प्रयोग के बीच का अंतर:**

1. **Get/Have** के प्रयोग के बाद $\mathbf{S_1}$ **का उल्लेख by +** $\mathbf{S_1}$ **के form** में होता है। लेकिन **Passive voice के तरह ही** $\mathbf{S_1}$ **का प्रयोग किया भी जा सकता है और नहीं भी।**
   **Make** के बाद $\mathbf{S_1}$ का प्रयोग करना आवश्यक होता है।
2. **Get/Have** के बाद $\mathbf{V_3}$ का प्रयोग होता है।
   **Make** के बाद $\mathbf{V_1}$ का प्रयोग होता है।

➢ वाक्य में **'Get'/'Have'** एवं **'Make' tense के अनुसार परिवर्तित** होते हैं।

**Verb का प्रयोग विभिन्न Pattern में हो सकता है। नीचे दिए गये कुछ patterns में verb का प्रयोग देखें-**

## PATTERN - 1

**Subject + Verb**

➢ ये **'Verb'** के प्रयोग का सब से साधारण Pattern है। ऐसे sentence formation में **sub के बाद अकर्मक क्रिया (intransitive verb)** का प्रयोग होता है। **वाक्य का अर्थ किसी कर्म (object) के बिना भी स्पष्ट होता है।** इस sentence pattern to **passive voice में परिवर्तित नहीं** किया जा सकता है।

tSs

| S.N | Subject | Verb |
|---|---|---|
| 1. | Birds | fly. |
| 2. | The moon | is shining |
| 3. | The baby | is sleeping. |
| 4. | I | was going |

## PATTERN - 2

**Subject + verb + subject complement**

- ऐसे 'sentence form' में complement या तो Noun होता है, या pronoun या फिर adjective. इस sentence pattern को भी **passive voice में परिवर्तित नहीं** किया जा सकता है।

tSs

| S.N. | Subject | Verb | Subject Complement |
|---|---|---|---|
| 1. | This | is | a pen. |
| 2. | It | is | I |
| 3. | He | looks | happy. |
| 4. | My father | got | angry. |

## PATTERN - 3

**Subject + verb + direct object**

- कई **'verbs' सकर्मक क्रिया (transitive verb)** होते हैं। **Transitive verbs के बाद object का उल्लेख होना जरूरी** होता है वर्ना वाक्य का अर्थ स्पष्ट नहीं होता।

tSs

| S.N. | Subject | Verb | Direct Object |
|---|---|---|---|
| 1. | I | know | him. |
| 2. | She | opened | the door. |
| 3. | You | should help | yourself. |

## PATTERN - 4

**Subject+verb + indirect object + direct object**

- जब वाक्य में **दो 'objects'** हो, तो **Indirect object** (जो सामान्यत: सजीव होता है) **का उल्लेख पहले** होता है और **फिर direct object** का।

tSs

| S.N. | Subject | Verb | Indirect Object | Direct Object |
|---|---|---|---|---|
| 1. | I | gave | her | my book. |
| 2. | I | bought | her | a purse |
| 3. | He | showed | me | his notes. |

## PATTERN - 5

**Subject + verb + direct object + preposition + prepositional object**

➢ अगर pattern 4 को हम इस तरह परिवर्तित करना चाहे कि **direct object का उल्लेख पहले हो तो direct object के बाद एक preposition का प्रयोग होगा और फिर indirect object का।**

जैसे

| S.N. | Subject | Verb | Direct Object | Preposition | Prepositional object |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | I | gave | my book | to | her. |
| 2. | I | bought | a purse | for | her. |
| 3. | He | showed | his notes | to | me and my friends. |

➢ कोई verbs का प्रयोग pattern 4 एवं 5 दोनों में किया जा सकता है। **Pattern 5 का प्रयोग ज्यादा उचित होता है अगर direct object कम महत्त्वपूर्ण हो या फिर indirect object ज्यादा लम्बा हो।**

## PATTERN - 6

**Subject + verb + noun/ pronoun + adjective**

➢ ऐसे sentence form में **adjective उस अवस्था को दर्शाता है जो क्रिया के वजह से हुआ** या फिर **noun एवं adjective को मिला के object** बनाया जाता है।

जैसे

| S.N. | Subject | Verb | Direct Object | Adjective |
|---|---|---|---|---|
| 1. | He | pushed | the door | open. |
| 2. | She | washed | the plates | clean. |
| 3. | I | like | my tea | strong. |

➢ इस pattern में प्रयुक्त होने वाले verbs है- **get, keep, beat, drive, make, paint, leave, turn, find, like, wish.**

## PATTERN - 7

**Subject + verb + preposition + prepositional object.**

जैसे

| S.N. | Subject | Verb | Preposition | Prepositional object |
|---|---|---|---|---|
| 1. | This car | belongs | to | me. |
| 2. | She | met | with | an accident. |
| 3. | He | succeeded | in | his attempt. |

## PATTERN - 8

**Subject + verb + to-infinitive (as object of the verb)**

जैसे

| S.N. | Subject | Verb | Infinitive |
|---|---|---|---|
| 1. | She | wants | to sleep. |
| 2. | He | forgot | to take his medicine. |
| 3. | I | hoped | to pass the exam. |

➢ इस pattern में प्रयुक्त होने वाले verbs हैं- **like, love, prefer, begin, start, agree, try, attempt, choose, continue, intend, propose, desire, wish, want, hate, dislike, hope, expect, promise, fear, remember, forget, offer, learn.**

## PATTERN - 9

**Subject + verb + noun/ pronoun + infinitive.**

tSls%

| S.N. | Subject | Verb | Noun/ Pronoun | Infinitive + etc. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | I | want | you | to help him. |
| 2. | The doctor | advised | him | to rest. |
| 3. | I | allowed | Rohit | to go. |

➢ इस pattern में प्रयुक्त होने वाले मुख्य verb है- **ask, tell, order, command, persuade, encourage, urge, want, wish, request, intend, expect, force, tempt, teach, invite, help, warn, like, love, hate, allow, permit, remind, cause, mean, dare.**

## PATTERN - 10

**Subject + verb + gerund.**

➢ इस pattern में **Gerund वाक्य के object का कार्य** करता है।

tSls%

| S.N. | Subject | Verb | Gerund, etc. |
|---|---|---|---|
| 1. | She | started | singing. |
| 2. | He | has finished | talking. |
| 3. | I | love | teaching. |

➢ इस pattern में प्रयुक्त होने वाले मुख्य शब्द है- **begin, start, love, like, hate, stop, finish, enjoy, prefer, fear, remember, forget, mind, miss, suggest, practice, try, understand, keep, help, advise, admit, avoid, consider, intend, delay, deny, detest, can't help, rest, defer, worth, risk , it is noun/good, propose, regret, anticipate.**

## PATTERN - 11

**Subject + verb + noun/ pronoun + present participle.**

tSls%

| S.N. | Subject | Verb | Noun/ Pronoun | Present Participle |
|---|---|---|---|---|
| 1. | I | saw | him | crossing the bridge. |
| 2. | I | heard | him | shouting |
| 3. | You | kept | me | waiting |

➢ इस pattern में प्रयुक्त होने वाले verbs है- **see, hear, smell, feel, watch, notice, find, observe, listen, get, catch, keep, leave, set, start.**

## PATTERN - 12

**Subject + verb + noun/ pronoun + plain infinitive.**

tSls%

| S.N. | Subject | Verb | Noun/ Pronoun | Plain Infinitive |
|---|---|---|---|---|
| 1. | I | will not let | you | go |
| 2. | We | made | him | finish the work. |
| 3. | I | bade | the boy | leave the room. |

➢ इस pattern में प्रयुक्त होने वाले मुख्य verbs है- **see, watch, notice, observe, hear, listen, feel, make, let, help, bid.**

### VERB ds dqN IMPORTANT RULES ftu ls iz'u iwNs tkrs gSa%

1. (i) Being ill, I could not come. (✓)
   (ii) Being a rainy day, I could not come (×)
   (iii) Walking along the road, my pen fell down. (×)

(i) अगर पहले वाक्य में being के पहले किसी subject का उल्लेख नहीं हो तो 2nd भाग का sub 'I' पहले भाग का भी sub बन जाता है। और वाक्य (i) का अर्थ सही निकलता है।

(ii) अगर दूसरे वाक्य में 'being' के पहले sub 'it' का प्रयोग न किया जाए तो 'I', rainy day का भी sub बन जाता है और इससे वाक्य का अर्थ गलत हो जाता है। अत: **'It being a rainy day'** का प्रयोग करें।

(iii) इसी प्रकार तीसरे वाक्य में भी **walking के लिये उपयुक्त sub.** का प्रयोग करें अन्यथा 'my pen' पहले भाग का sub बन जायेगा।

अत: **'While I was walking along the road'** का प्रयोग करें।

2. (i) The girls watched intendly as the model applied her make-up with a practiced hand.(×)

किसी **क्रिया ( Verb) का प्रयोग विशेषण ( adjective) के रूप में किसी Noun की विशेषता बताने के लिये किया जाता है तो क्रिया 3rd form में ही होना चाहिये। अतः Practised (v) form का प्रयोग करें। 'Practice' noun है।**

**अन्य उदाहरण:** **Spoken** English
**Revised** edition
**Written** document

➢ उपरोक्त उदाहरण में **English, edition व document** संज्ञा **(Noun)** है जिनकी विशेषता बताने के लिए 'verb' का प्रयोग हो रहा है। अत: Verb **3rd form** में है।

➢ लेकिन अगर क्रिया **(Verb)** को जारी **(continuous)** अवस्था में दर्शाया जाये तो verb **'ing'** form में होना चाहिये।

जैसे: (i) **Rising** price.
(ii) **Developing** country.
(iii) **Steaming** cup of tea.

3. अगर क्रिया का प्रयोग noun form में किया जाये तो उसे **'ing form' (Gerund)/'to+$V_1$ form' (Infinitive)/** में होना चाहियें।

जैसे: (i) Smoking (obj) is prohibited here.

(ii) Swimming (sub) is a good exercise.

(iii) To err (Sub.) is human.

4. क्रिया कैसे हुआ, ये adverb of manner बताता है और **adverb of manner सामान्यत: 'ly' में खत्म** होता है।

जैसे: (i) He works (Verb) honestly (Adv).

(ii) He talks (Verb) politely (Adv).

➢ अगर **verb हमारी पांचों इंद्रियों से सम्बंधित हो तो उसके बाद adverb नहीं, adjective का प्रयोग** करें।

जैसे: (i) He **looks** (**Verb**) honest (Adj).

(ii) He **sounds** (**Verb**) polite (Adj).

**नीचे दिए गये सात क्रियाऐं verbs of sensation हैं-**

**Look, seem, sound, appear, smell, taste, feel**

➢ **Verbs of sensation** के अलावा **be, become, turn, get, grow, keep** (रहना), **make** एवं **prove** को भी **adverbs** नहीं बल्कि **adjective modify** करते हैं।

जैसे: When he heard the news, he **became** sad (adj).

5. We adapt to the environment. (×)

We **adapt ourselves** to the environment. (✓)

➢ Adapt के जैसे **कुछ ऐसे verbs होते है जिनके बाद एक Reflexive Pronoun का आना जरूरी** होता है।

**ऐसे verbs की सूची-**

**Acquit (to do better than expected), absent, avail, reconcile ( to accept a situation reluctantly), amuse, resign, avenge, enjoy, exert, apply (to work hard on something), adapt, adjust, pride**

1. The officers **acquitted themselves** well during the crisis.
2. She has **reconciled herself** to the demands of her in laws.
3. The students **exert themselves** a lot at the time of examination.
4. You will have to **apply yourself** to this task whole heartedly.
5. I **pride myself** on being able to work smoothly under pressure too.
6. You should **avail yourself** of this opportunity.
7. He **resigned** himself to yet another day without food.

*नोट:* (1) They **enjoyed** the party. (reflexive pronoun की जरूरत नहीं है)

They **enjoyed** during vacation. ('themselves' का प्रयोग enjoyed' के बाद करें)

➢ **अगर enjoy के बाद object का उल्लेख हो तो reflexive pronoun न लगायें परन्तु अगर object का उल्लेख नहीं हो तो reflexive pronoun का प्रयोग करें।**

(2) He was **absent.** (✓)
He **absented** himself. (✓)
अगर **absent का प्रयोग verb के रूप में हो तभी reflexive pronoun का प्रयोग** करें।

**नोट:** (i) अगर **'acquit'** का अर्थ है **'बरी करना'** तो **'acquit' के साथ reflexive pronoun का प्रयोग न करें।**

जैसे: The court acquitted him.

➢ अगर **'acquit'** का अर्थ है **'व्यवहार करना'** तो **'acquit' के साथ reflexive pronoun का प्रयोग होगा।**

जैसे: He **acquitted himself** well during the riot.

➢ अगर **'recorncile'** का अर्थ है **'सुलह करना'** तो **reconcile के साथ reflexive pronoun का प्रयोग नहीं होगा।**

जैसे: I reconciled with him after the bitter argument.

➢ अगर **'reconcile'** का अर्थ है **'बेमन से ही सही पर स्वीकार कर लेना'** तो **reflexive pronoun का प्रयोग होगा।**

जैसे: He **reconciled himself** to the arrogant attitude of his boss.

➢ संक्षेप में कहा जाए तो अगर **sub ही क्रिया का receiver हो** तो ऊपर दिए गये **verbs के साथ reflexive pronoun का प्रयोग होगा।**

(b) (1) Keep yourself away from bad company. (×)
Keep away from bad company. (✓)
(2) He hid himself in the room. (Drop 'himself').

➢ keep के जैसे **कुछ ऐसे verbs होते है जिनके बाद Reflexive Pronoun का प्रयोग नहीं होता** है।

**ऐसे verbs की सूची**

**Keep, stop, turn, qualify, bathe, move, rest, hide.**

6. (i) I prefer tea than coffee. (×)
I **prefer** tea **to** coffee. (✓)
(ii) He invited me on/for tea. (×)
He **invited** me **to** tea. (✓)

➢ **Verb के बाद आने वाला preposition या तो fixed होता है या फिर किसी preposition का प्रयोग नहीं होता** है। verb के बाद आने वाला Preposition Hindi Translation के अनुसार नहीं होना चाहिये। (Preposition देखें)

7. (i) The poor had no bed to sleep **in.**
(ii) He had no pen to write **with.**
(iii) Do you have a chair to sit **on?**

➢ जब **किसी noun (bed, pen इत्यादि ) को कोई infinitive (to sleep, to write इत्यादि ) qualify करें**, तो **'infinitive' के बाद preposition (in, with इत्यादि ) का प्रयोग** होता है।

8. (i) I have never and will never cheat you. (×)
I have never $\underbrace{\text{cheated}}_{V_3}$ and will never $\underbrace{\text{cheat}}_{V_1}$ you. (✓)
(ii) Nothing has or will be more tragic than his demise. (×)

Nothing has been ($V_3$) or will be ($V_1$) more tragic than his demise. (✓)

➢ अगर एक वाक्य में **एक verb के दो forms की जरूरत हो तो दोनों forms का प्रयोग करें।** हम एक form से काम नहीं चला सकते।

9. (i) If he was a millionaire, he would help the millennium project. (×)
   It he were a millionaire, he would help the millennium project. (✓)

➢ **काल्पिनिक** पद के लिये सभी sub के साथ **were** का प्रयोग करें।

10. (i) Long live (P.V.) the king (S.S.) ! (✓)

➢ **optative वाक्यों में singular subject के साथ भी plural verb का प्रयोग होता है।**

11. ऐसे **कई verbs है जिनके पहले article का प्रयोग करके उसे Noun का रूप दिया जाता है।**

जैसे: (i) He is walking (verb).

(ii) He is going for a walk (noun).

(iii) He rides (verb) a horse.

(iv) He went for a ride (noun).

12. अगर **अलग-अलग verb के साथ अलग-अलग preposition की जरूरत पड़े तो सभी preposition का प्रयोग** करें।

जैसे: (i) Amphibians can live **on** land and **in** water.
(ii) He was acquitted **of** and absolved **from** all the charges of corrution.

13. (i) I am having a car. (×)
   I have a car. (✓)

➢ कुछ ऐसे verbs होते है जिनका प्रयोग सामान्यत: 'ing' form में नहीं किया जा सकता।

**<u>ऐसे verbs की सूची</u>**

**(1) Verbs of Perception-** See, taste, smell, hear, prefer, please, notice, recognize.
**(2) Verbs of Thinking Process-** Think, know, mean, mind, remember, suppose.
**(3) Verbs Showing Possession-** Own, have, belong, comprise, possess, contain, consist.
**(4) Verbs expressing Feeling or State of Mind-** Believe, like, dislike, love, adore, want, wish, desire, hate, agree, trust, imagine.
**(5) Verbs in General-** Look, seem, appear, affect, resemble, cost, require, become, hope, refuse.

(विस्तार से जानकारी के लिए Tense में Continous भाग देखें)

14. (A) Adverb **'as'** का प्रयोग नीचे दिए गये verbs के साथ किया जा सकता है।
**'regard, describe, define, treat, view, know'.**
(B) Adverb **'as'** का प्रयोग नीचे दिए गये verbs के साथ **न** करें।
**'name, elect, think, consider, call, appoint, make, choose.'**

जैसे: 1. I **regard** him my brother. (Add 'as' after 'him')

2. Biology has been **defined** the study of organism. (Add 'as' after 'defined')
3. She is **considered** as the best student of my class. (Drop 'as' after 'considered')
4. The teacher **called** him as stupid. (Drop 'as')
5. The principal **appointed** him as a lecturer. (Remove 'as')
6. He **thinks** her as a fool. (Remove 'as')

15. अगर वाक्य में **'It is high time' या फिर 'it's time' का प्रयोग हो और उसके बाद 'sub' का उल्लेख हो तो sub के बाद '$V_2$'** का प्रयोग करें।

जैसे: It's high time you **did** something.

16. कई noun का प्रयोग एक निश्चित verb के साथ किया जाता है-

जैसे:

| **Have —** | **take —** | **make —** | **अन्य उदाहरण** |
|---|---|---|---|
| lunch etc. | an exam | a demand | |
| a good time | advantage | a gesture | **Launch** scheme |
| a shower | an action | a noise | **Render** help |
| a dream | risk | a promise | **Impart** education |
| a conversation | your time | a request | |
| | | a mistake | |

17. **'To' के बाद '$V_1$'** का प्रयोग होता है। परन्तु **अन्य सभी Prepositions के बाद अगर 'verb' का प्रयोग होता है तो verb '$v_1$+ing' form** में होना चाहिए।

जैसे: 1. He is afraid **to** **do** ($V_1$) anything against his boss.

2. He is afraid **of** **going** ($V_1$+ing) out after sunset.

## SPOTTING THE ERROR

1. (a) Walking along the road/ (b) a car knocked/ (c) him down./(d) No error.
2. (a) Having done my homework/ (b) my mother allowed me/ (c) to go out and play./(d) No error.
3. (a) Being a rainy day,/ (b) I had to cancel/ (c) all my appointments./ (d) No error.
4. (a) A few selfish leaders/ (b) are bent to harm/ (c) the very foundation of Democracy./ (d) No error.
5. (a) As I have worked hard,/ (b) I am confident to pass/ (c) with flying colours ./ (d) No error.
6. (a) We went to that place/ (b) with a view to help/ (c) the earthquake victims./ (d) No error.
7. (a) You should avoid/ (b) to go to school/ (c) as you have severe eye infection./ (d) No error.
8. (a) I have/ (b) no achievement/ (c) to boast./ (d) No error.
9. (a) One must avail of/ (b) every opportunity/ (c) that comes in life./ (d) No error.
10. (a) Have the letter/ (b) send/ (c) by someone who is trustworthy./ (d) No error.
11. (a) Would you please order/ (b) for tea and buiscuits/ (c) for all of us./ (d) No error.
12. (a) Everyone considered him as/ (b) a brave man/(c) but he fled from the battlefield./ (d) No error.

13. (a) My father does not mind/ (b) to be disturbed/ (c) while he is reading the newspaper./(d) No error.
14. (a) Perhaps you do not know/ (b) I am having a car and a jeep/ (c) besides a big house in a good locality./ (d) No error.
15. (a) The lawyer asked me/ (b) if it were worth to take/ (c) the matter to court./ (d) No error.
16. (a) I bade him/ (b) to submit all the important documents/ (c) before he left the job./ (d) No error.
17. (a) He thinks/ (b) himself/ (c) as a great scholar ./ (d) No error.
18. (a) All the candidates/ (b) will give/ (c) a test on Friday./ (d) No error.
19. (a) Mrs Dorai would rather/ (b) spend a quiet evening/ (c) than attending a party./ (d) No error.
20. (a) The audience/ (b) watched the clowns/ (c) performed their act ./ (d) No error.
21. (a) The life-guard would not/ (b) let the children/ (c) to swim at the deep end of the pool ./ (d) No error.
22. (a) He denied/ (b) to help/ (c) me./ (d) No error.
23. (a) Walking along the/ (b) bank of the river/ (c) the road began to rise./ (d) No error.
24. (a) It is time you/ (b) decide on your next/ (c) course of action ./ (d) No error.
25. (a) As I was feeling sleepy/ (b) I asked for/ (c) a steamed cup of tea./ (d) No error.
26. (a) I remember/ (b) meet him/ (c) five years ago./(d) No error.
27. (a) I have always/ (b) and will always/ (c) be faithful to you./ (d) No error.
28. (a) I am afraid/ (b) I did a mistake/ (c) in the calculation./ (d) No error.
29. (a) The lights went out/ (b) while we/ (c) took the examination./ (d) No error.
30. (a) His assistants have and/ (b) are still doing/ (c) excellent work for the organization./ (d) No error.
31. (a) After the teacher had told the boys/ (b) how to pronounce the word/ (c) all of them in one voice repeated the word again ./ (d) No error.
32. (a) The company is not doing well./ (b) Isn't it time you/ (c) sell off your shares in it?./ (d) No error.
33. (a) He caught the boy/ (b) steal/ (c) the parcel./ (d) No error.
34. (a) I declined the invitation/ (b) not because I did not want to go,/ (c) but because I have no time./ (d) No error.
35. (a) It is a known fact/ (b) that time does not return back/ (c) once it is lost./ (d) No error.
36. (a) Even after sixty years of independence/ (b) lakhs of people/ (c) do not have bed to sleep./ (d) No error.
37. (a) The dinosaurs could not/ (b) adapt to the/ (c) changing environment./ (d) No error.

38. (a) The students were/ (b) looking forward to/ (c) meet the eminent scientist./ (d) No error.
39. (a) The lady made the/ (b) little boy to wash/ (c) all the clothes./ (d) No error.
40. (a) We must get this letter/ (b) send/ (c) as soon as possible./ (d) No error.

## *Answers with explanation*

1. (a) 'walking' के पहले 'while he was' जोड़े। ऐसा न करने पर 'a car' पहले verb का भी subject बन जाएगा यानि 'walking' का और फिर वाक्य का अर्थ गलत हो जाएगा।
2. (a) After I had done my homework' का प्रयोग करें। ऐसा न करने पर my mother पहले भाग (having done my homework) का भी subject बन जाएगा और वाक्य का अर्थ गलत हो जाएगा।
3. (a) 'Being' के पहले 'it' का प्रयोग करें। (वाक्य 1 एवं 2 की व्याख्या देखें)
4. (b) 'Bent on harming' का प्रयोग 'bent to harm' के स्थान पर करें। 'Bent on' का अर्थ है 'determined to do' 'Bent on' के बाद 'harming' ($V_1$ + ing) का प्रयोग होगा क्योंकि 'bend on' जैसे कुछ verbs/ phrases के बाद 'Gerund' ($V_1$ + ing) का प्रयोग होता है।
5. (b) 'Confident to pass' के स्थान पर 'Confident of passing' का प्रयोग करें। Confident के बाद 'of' का प्रयोग होता है और 'of' के बाद '$V_1$ + ing' (Gerund) का।
6. (b) 'with a view to' के बाद '$V_1$ + ing' का प्रयोग होता है। अत: 'help' के स्थान पर 'helping' का प्रयोग करें।
7. (b) 'to go' के स्थान पर 'going' का प्रयोग करें। 'Avoid' के बाद 'gerund ($V_1$ + ing)' का प्रयोग होता है।
8. (c) 'boast' के बाद 'of' का प्रयोग करें। अगर 'noun' को कोई 'infinitive qualify' करता है तो 'infinitive' के बाद उपयुक्त preposition का प्रयोग होता है।
9. (a) 'Avail' के बाद एक 'reflexive pronoun' का प्रयोग करें। यहाँ 'one' subject के रूप में प्रयुक्त हुआ है। अत: 'avail' के बाद 'oneself' का प्रयोग करें।
10. (b) 'Send' के स्थान पर $V_3$ 'sent' का प्रयोग करें। 'Get' एवं 'Have' का प्रयोग अगर 'Causative Verb' के रूप में हो तो Main Verb '$V_3$' form में होगा।

    Eg: Have it $\underbrace{\text{painted}}_{V_3}$.

    Get it $\underbrace{\text{done}}_{V_3}$.
11. (b) 'Order' के साथ 'for' का प्रयोग न करें।
12. (a) 'Considered' के साथ 'as' का प्रयोग करना गलत है। 'as' हटा दें। (Chapter adverb देखें)
13. (b) 'Mind' के बाद 'Gerund' का प्रयोग होगा। 'to be' के स्थान पर 'being' का प्रयोग करें।
14. (b) 'Have' का अर्थ अगर 'to possess' हो तो 'have' के साथ 'ing' का प्रयोग नहीं होता। 'I am having' के स्थान पर 'I have' का प्रयोग करें।
15. (b) 'worth' के बाद '$V_1$ + ing' का प्रयोग करना सही होगा। 'worth taking' का प्रयोग करना सही होगा।
16. (b) 'bade' (bid का $V_2$) के बाद plain infinitive ( $V_1$) का प्रयोग होता है न कि 'infinitive' (to + $V_1$) का। 'to' हटा दें।
17. (c) 'as' हटा दे। 'think' के साथ 'as' का प्रयोग नहीं होता।
18. (b) हिन्दी में हम कहते है प्रत्याशी परीक्षा देंगे। इसका 'transtation' कर के English में कहते है 'Candidates

will give test'। ये गलत वाक्य है। 'Give' के स्थान पर 'take' का प्रयोग होगा।

19. (c) 'than' के बाद 'attend' का प्रयोग करें क्योंकि 'would rather' के बाद भी verb '$V_1$' form में है।
20. (c) 'watch' के बाद या तो 'gerund' ($V_1$ + ing) का प्रयोग होता है या फिर plain infinitive ($V_1$) का। 'Performed' के स्थान पर या तो 'performing' का प्रयोग करें या फिर 'perform' का।
21. (c) 'Let' के बाद $V_1$ का प्रयोग होता है न कि 'to + $V_1$' का। 'to' हटा दें।
22. (b) 'to help' के स्थान पर 'helping' का प्रयोग करें। 'Deny' के बाद 'gerund' का प्रयोग होता है।
23. (a) 'while I was' का प्रयोग 'walking along' के पहले करें (वाक्य 1 एवं 2 की व्याख्या देखें)
24. (b) 'decide' को 'decided' में परिवर्तित करें। 'It is time + sub' के बाद '$V_2$' का प्रयोग होता है।
25. (c) 'steamed' से 'action complete' का आभास होता है। Action still going on दर्शाने के लिए '$V_1$ + ing' का प्रयोग adjective के रूप में करें। 'Steaming' के प्रयोग से (भांप निकलता हुआ यानि गर्म चाय) 'action in continuation' का आभास होता है।
26. (b) 'remember' के बाद 'Gerund' का प्रयोग होगा। 'Meet' के स्थान पर 'meeting' का प्रयोग करें।
27. (a) have के साथ '$V_3$' का प्रयोग होता है और will के साथ '$V_1$' का। 'will always' के बाद 'be' का प्रयोग है। अत: have always के बाद '$V_3$' 'been' का प्रयोग करें।
28. (b) 'Mistake' के साथ 'do' का प्रयोग नहीं होता बल्कि 'make' का होता है। अत: 'did' के स्थान पर 'made' का प्रयोग करें।
29. (c) 'took' के स्थान पर 'were taking' का प्रयोग करें। 'while' का अर्थ है 'के दौरान'। ये कार्य को Continuous Tense में दर्शाता है।
30. (a) 'have' के बाद 'done' का प्रयोग करें। अगर एक वाक्य में एक 'verb' (यहाँ-do) के अलग-अलग forms की जरूरत पड़े (यहाँ 'done' एवं 'doing') तो दोनों 'forms' का प्रयोग करें। हम एक form से काम नहीं चला सकतें।
31. (c) 'repeat' के साथ 'again' का प्रयोग न करें। (वाक्य 1 एवं 2 की व्याख्या देखें)
32. (c) 'sell' को 'sold' में परिवर्तित करें। 'It's time + sub' के बाद '$V_2$' का प्रयोग करें।
33. (b) 'steal' को 'stealing' में परिवर्तित करें। 'catch' के बाद 'Verb ing' form में होगा।
34. (c) 'have' to 'had' में परिवर्तित करें। वाक्य past में है।
35. (b) 'Return back' superfluous English है। 'back' हटा दें।
36. (c) 'Sleep' के बाद 'in' लगायें। Noun के बाद अगर infinitive का प्रयोग हो तो infinitive के बाद उपयुक्त preposition लगाता है।
37. (b) 'adapt' के बाद 'themselves' लगायें।
38. (c) 'Meeting' ($V_1$ + ing) का प्रयोग 'looking forward to' के साथ होगा।
39. (b) 'to' हटा दे। 'make' के बाद plain infinitive '$V_1$' का प्रयोग होगा।
40. (b) 'Send' का 'sent' में परिवर्तित करें। 'Get' के बाद verb $V_3$ form में होता है।